सत्यमेव जयते

# षोडश

# बिहार विधान सभा

## पंचदश सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-3

बुधवार, तिथि $\frac{\text{07 फाल्गुन, 1941 (श॰)}}{\text{26 फरवरी, 2020 (ई॰)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 159**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 78 |
| (2) | पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 16 |
| (3) | ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 12 |
| (4) | जल संसाधन विभाग | .. | .. | 33 |
| (5) | लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 12 |
| (6) | पंचायती राज विभाग | .. | .. | 05 |
| (7) | श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 02 |
| (8) | भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 01 |
| | | | कुल योग -- | 159 |

पथ का निर्माण

*127. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत सदर प्रखंड बेगूसराय को बीरपुर प्रखंड से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क एस0 एच0 55, मोहनपुर से टमटम स्टैंड, बीरपुर तक लगभग 4 किलो मीटर पिछले 20 सालों से जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है; नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण करना

*128. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला में नवगछिया कार्य प्रमंडल के अधीन खरीक प्रखंड के अन्तर्गत एन0 एच0 31 से सिंहकुंड तक की सड़क (पैकेज संख्या BR-6R-095) (वर्ष 2008-09) विगत दस वर्ष से अधिक समय से निर्माणाधीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लगभग दो वर्ष पहले संवेदक द्वारा उक्त सड़क का निर्माण कार्य को आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है, जिसके कारण आम जनता को आने-जाने में परेशानी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

गली निर्माण हेतु राशि बढ़ाना

*129. श्री संजय कुमार तिवारी--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अन्तर्गत चौसा प्रखंड एवं बक्सर सदर प्रखंड में गलियों के पक्कीकरण के लिये प्रत्येक वार्ड हेतु 11,00,000 (ग्यारह लाख) रुपया सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है, जो कुछ गलियों के निर्माण के लिये अपर्याप्त है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त योजना हेतु राशि बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*130. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत चकिया प्रखंड के महुआवा, खैरवा टोला पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड से झापस पंडित के घर होते हुये बलवा हनुमान मंदिर पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ तक कच्ची सड़क है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पार्क का निर्माण

*131. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के नरकटिया विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत बनकटवा प्रखंड के घोड़मरवा गढ़ी माई मेला के समीप सरकारी जमीन उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर प्रत्येक वर्ष गढ़ी माई स्थान में मेला लगाया जाता है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु मेला देखने के लिये आते हैं, परन्तु पार्क नहीं रहने के कारण लोगों को कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर मनरेगा के तहत पार्क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुलिया का निर्माण

*132. श्री रवि ज्योति कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के सिलाव प्रखंड के धोस्तावाँ पंचायत एवं करियन्ना पंचायत स्थित चोरनिया पईन है जिसके दोनों तरफ सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चोरनिया पईन पर पुलिया नहीं रहने के कारण उक्त दोनों पंचायत सहित अन्य पंचायतों के ग्रामीणों को अधिक दूरी तयकर सिलाव प्रखंड मुख्यालय आना-जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार चोरनिया पईन पर कबतक पुलिया बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*133. श्री विजय प्रकाश --क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के बरहट कार्य प्रमंडल के अधीन येगुवा शिव मंदिर से बुकार तक जाने वाली सड़क में उलाय नदी पर एवं अड़सार, नारायणपुर सीमा पर मुरहा नदी पर निर्मित पुल जर्जर रहने से आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रखंडों को ओ0 डी0 एफ0 घोषित करना

*134. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव एवं सन्हौला प्रखंडों में ग्रामीणों द्वारा बनाये गये शौचालयों का अबतक पूर्ण भुगतान नहीं होने के बावजूद उक्त प्रखंडों को ओ0 डी0 एफ0 घोषित कर दिया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

## पथ का निर्माण

*135. श्री मुनेश्वर चौधरी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत हकमा, कसिना, कोठिया ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क गरखा एवं सदर प्रखण्ड छपरा को जोड़नेवाली महत्वपूर्ण पथ है, जो पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहित होने की सभी अर्हता को पूरा करती है। यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यो ?

प्रभारी मंत्री--पथ अधिग्रहण की नयी नीति के आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा अपने स्वामित्व वाले पथों का उन्नयन स्वयं करायेगा ।

अत: ग्रामीण कार्य विभाग के पथों का पथ निर्माण विभाग के द्वारा अधिग्रहण करने का प्रश्न नहीं उठता है ।

---

## सड़क का निर्माण

*136. श्रीमती प्रेमा चौधरी --क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड में सुरेश चौक से भाया तिसिऔता, डभैया चौक, रमौली चौक, डढुआ चौक, सरैया घाट, बेलादम, मियाँ छपरा, लोहरगामा होते हुए सबहा चौक एन0एच0-28 तक जानेवाली पथ निर्माण विभाग की सड़क जर्जर रहने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है; नहीं, तो क्यों ?

---

## वीयर या चेक डैम का निर्माण

*137. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान सभा क्षेत्र के शम्भूगंज प्रखण्ड के भरत शीला पंचायत के अन्तर्गत लोहागढ़ नदी पर निझरी योगिया के पास वीयर बनाने हेतु कई बार सर्वे करायी गयी है, लेकिन डिजाईन फाईनल नहीं होने के कारण वीयर या चेक डैम निर्माण प्रारम्भ नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जल-जीवन-हरियाली योजना के अन्तर्गत वीयर या चेक डैम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पुल का निर्माण

*138. डॉ0 राजेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड के पूर्वी सरोत्तर के चाँद परसा से हुसैनी जानेवाली सड़क में रघवा नाला पर पुल नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नाला पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*139. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पं0 चम्पारण जिला के प्रखंड-मझौलिया में डुमरिया से पंचायत चौक बहुअरवा तक आने वाली सड़क जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*140. श्री राम विचार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत साहेबगंज प्रखंड के ग्राम-रामपुर, बिखनपुरा पी0 डब्लू0 डी0 रोड से लंगट राय के बथान-ब्रहमस्थान होते हुए सीताराम राय के घर तक सड़क नहीं रहने के कारण उक्त क्षेत्र की जनता को पी0 डब्लू0 डी0 प्रधानमंत्री ग्राम सड़क से सम्पर्कता उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त क्षेत्र की जनता को पी0 डब्लू0 डी0 सड़क से सीताराम राय के घर के पास अवस्थित प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क तक सम्पर्कता प्रदान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*141. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड करगहर के गारा चौबे नहर में ग्राम-कुड़ियारी के पास पुल क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे आवागमन बाधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल से होकर बरांव-जहानाबाद पथ गुजरती है, जिसकी लम्बाई 28 कि0 मी0 है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*142. श्री अत्रि मुनि उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत हिलसा प्रखंड के आर0 डब्लू0 डी0 पथ सोहरापुर पुल होते धुरी बिगहा, छियासत बिगहा गाँव तक जाने वाली सड़क कच्ची होने से आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल बनाना

*143. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत कुदरा बाजार के पास दुर्गावती नदी पर पुल नहीं है जिसके कारण ग्राम-मेडड़ा, रामपुर सहित पाँच पंचायतों एवं रामपुर प्रखंड के हजारों लोगों को कुदरा बाजार आने-जने के लिए 15 कि0 मी0 की अधिक दूरी तय करनी पड़ती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कुदरा बाजार के पास दुर्गावती नदी पर कबतक पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*144. श्री कमरुल होदा--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत प्रखंड कार्यालय परिसर पोठिया एवं किशनगंज की चहारदीवारी नहीं होने के कारण परिसर में आवारा पशुओं का बसेरा बना रहता है तथा आमजनों एवं प्रखंड कर्मचारियों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड कार्यालय परिसर का चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*145. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंड अंतर्गत नाउर पंचायत के ग्राम-फुलवरिया, फुली बिगहा भाया खड़िया तथा ग्राम-हुड़राहा को मुख्य सड़क मार्ग से एकल सम्पर्कता प्राप्त नहीं है, जिससे जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों ग्राम को एकल सम्पर्कताविहीन पूरक राज्य कोर नेटवर्क-2 में चिन्हित किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त दोनों गाँवों में सड़क का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

तटबंध बनाना

*146. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नगर पंचायत शेरघाटी में मोरहर नदी के द्वारा पलकिया, राम मंदिर नई बाजार होते कमात तक एवं नदी के पश्चिमी छोर आमस प्रखंड में हरदासपुर, व्यवहार न्यायालय शेरघाटी, दरनां होते चिताब तक नदी से कटाव हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि व्यवहार न्यायालय, शेरघाटी एवं उप-कारा, शेरघाटी उक्त नदी के तट पर अवस्थित है, नदी का तेजी से कटाव होने से शेरघाटी शहर भी प्रभावित हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी के दोनों किनारों का पक्का तटबंध बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर का निर्माण एवं दोषी पर कार्रवाई

*147. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के इंद्रपुरी में जो नया पश्चिमी समान्तर संयोग नहर का निर्माण हो रहा है, उसमें एक तरफ तो नहर का निर्माण हो रहा है तो दूसरी तरफ ढ़लाई क्षतिग्रस्त हो रही है तथा नहर के वेड में होनेवाली ढ़लाई की मोटाई बहुत कम एवं प्राक्कलन के अनुरूप नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर के निर्माण की जाँच कराकर संवेदक पर कार्रवाई करने तथा गुणवत्तापूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*148. श्री अशोक कुमार --क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत निमियाडिह-चितौली पथ का चौड़ीकरण कार्य में पुराने पथ के मेटेरियल (स्क्रेप) को ही देकर रोलिंग करके मेटल बिछाया गया है तथा मानक के अनुरूप कार्य नहीं किया गया है, जिससे उक्त पथ का कालीकरण टूट रहा है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथों का निर्माण

*149. श्री मोहम्मद नवाज आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा विधान सभा क्षेत्र में जी० टी० एस० एन० वाई० के अन्तर्गत महादलित एवं दलित बस्ती तक पथ निर्माण कार्य अभीतक शुरू नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, आरा को प्रश्नकर्ता सदस्य के पत्रांक 461, दिनांक 7 सितम्बर, 2018 के माध्यम से उक्त क्षेत्र के दलित एवं महादलित बस्ती में जी० टी० एस० एन० वाई० के अन्तर्गत पथ बनाने हेतु पत्र उपलब्ध कराया गया था, परंतु इस संबंध में अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भोजपुर जिला में जी० टी० एस० एन० वाई० के तहत उक्त पथों का निर्माण कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*150. श्री राजेंद्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तुरकौलिया प्रखंड के हरदिया मठ के बगल में धनवटी मन (नदी) जल बहाव पर तथा धौड़ाघाट मन (नदी) पर पुल बनाने हेतु विभाग द्वारा दो वर्ष पूर्व ही चेक लिस्ट मंगवाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों जल बहाव पर अभीतक पुल नहीं बनने के कारण आमजन को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों जल बहाव पर पुल का निर्माण पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कैनाल से गाद की सफाई

*151. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंड में मुहाने वीयर कैनाल स्थित है, जिससे 2000 एकड़ भूमि सिंचाई होती है, किन्तु उसमें गाद भर जाने के कारण पानी का प्रवाह यत्र-तत्र हो जाता है, जिससे किसानों के फसलों की सिंचाई नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कैनाल से गाद की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*152. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के गढ़पुरा प्रखण्ड अन्तर्गत मालीपुर-सुन्दरवन-छौड़ाही पी०डब्लू०डी० मुख्य पथ से मोरतर होते मालपुर तक जानेवाली सड़क अत्यंत ही जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मालीपुर, मोरतर, बरैयपुरा, मालपुर आदि गाँव के लोगों का गढ़पुरा प्रखण्ड मुख्यालय एवं छौड़ाही प्रखण्ड मुख्यालय आने-जाने का यह एकमात्र मुख्य सड़क है, जिसके जर्जर होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है,

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*153. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बथनाहा प्रखण्ड के महुआवा पंचायत के लछुआ, सुरगहिया ग्राम में चमैनिया नदी तक सड़क एवं नदी पर पुल नहीं रहने के कारण पाँच गाँवों की दस हजार आबादी को प्रखण्ड मुख्यालय बथनाहा तक आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार लछुआ टोला से सुरगहिया ग्राम तक सड़क एवं चमैनिया नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*154. श्री (मो०) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला अन्तर्गत मांझा प्रखंड के ग्राम पंचायत राज बथुआ का वार्ड नं० 9 महुआ टोला को संपर्कता प्रदान करनेवाली सड़क जो धर्मपरसा से निकलकर बलि बथुआ टोला, ढाई टोला होते पी०एम०जी०एस०वाई० "मुख्य सड़क" से जुड़ती है, यह अत्यन्त ही जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*155. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड अन्तर्गत खैरवा से खैरवा टोला, भांसर होते हुये मलाही तक ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नेपाल से आनेवाली हरदी नदी उपरोक्त सड़क के बीच होकर गुजरती है जिसपर पुल नहीं है, जिसके कारण जनता को आने-जाने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त नदी पर पी०सी०सी० पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*156. श्री अत्रि मुनि उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत थरथरी प्रखंड के बेरमा गाँव से दुधीचक ग्राम तक की सड़क कच्ची है, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथांश का पक्कीकरण एवं पुल का निर्माण

*157. श्री केदार नाथ सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड के एन०एच० 57 खोपा से मधेपुर बाजार तक जाने वाली डिस्ट्रिक बोर्ड की सड़क में खोपा से पौनी गाँव तक तथा बाथ से मधेपुर बाजार तक की सड़क पक्की है परन्तु पौनी से शंकरपुर, बाथ तक का पथांश कच्ची एवं जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथांश के कच्ची रहने एवं गेहूमा नदी से कटाव होने के कारण यातायात बाधित है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के जर्जर पथांश का पक्कीकरण तथा शंकरपुर गाँव के समीप गेहूंमा नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

मिट्टी व सोलिंग कार्य कराना

*158. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत सभी 314 ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में अप्रैल, 2017 से मिट्टी भराई एवं ईंट सोलिंग कार्य पर जिला पदाधिकारी, प० चंपारण में रोक लगा दी है, जिसके कारण मनरेगा जॉब कार्डधारी को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मनरेगा योजना में पंजीकृत जॉब कार्डधारियों को रोजगार प्राप्त करना कानूनन अधिकार है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मनरेगा योजना के तहत उक्त जिला में मिट्टी व सोलिंग कार्य को क्रियान्वित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*159. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला अन्तर्गत पूर्णियां पूर्व प्रखंड के मंझेली पुल से भोगा करियात होते हुये हसनगंज, कटिहार सीमा तक जानेवाली पथ जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ से भोगा करियात पंचायत सहित दर्जनों गाँवों का आवागमन कटिहार जिला मुख्यालय तक होता है, जिसके जर्जर होने से आवागमन प्रभावित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मानदेय की सुविधा देना

*160. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूरे बिहार में वार्ड सचिव सात निश्चय योजनान्तर्गत गली-नाली पक्कीकरण योजना एवं हर घर नल का जल योजनाओं के क्रियान्वयन में पिछले लगभग ढाई वर्षों से अपना योगदान दे रहे हैं, किन्तु उन्हें कोई मानदेय नहीं दिया जाता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय हो गयी है, यदि हाँ, सरकार कबतक उक्त वार्ड सचिव को मानदेय की सुविधा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नहर की उड़ाही

*161. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड अन्तर्गत जमुरा नदी से निकलने वाली छोटी नहर जो कबरा ग्राम से लेकर करूणा तक जाती है, जिसकी उड़ाही विगत 15 वर्ष पूर्व करायी गयी थी, जिसमें अब गाद भर गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर नहर की उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*162. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखंड के चनका पंचायत के सोनापुर जाने वाली सड़क में झझड़ी टोला के पास नहर पर पुल का निर्माण नहीं हुआ है, जबकि नहर के दोनों तरफ पक्की सड़क का निर्माण हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पुनर्निर्माण

*163. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अन्तर्गत धामीटोला से कटैया भाया धरहरवा ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क है, जो वर्ष 2019 में आई बाढ़ से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि बाढ़ के तत्काल बाद उक्त सड़क को मोटरेबुल बनाया गया था लेकिन सड़क आज भी जर्जर है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपरोक्त सड़क का कबतक पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथों का जीर्णोद्धार

*164. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिला के गौनाहा प्रखंडान्तर्गत हरदिया से भुस्की, मेहनौल, तुरकौलिया होते हुये मटियरिया तक तथा पी० डब्लू० डी० पचरूखिया से महुआ, भुसा, लछनौता मुरली होते हुये त्रिवेणी कैनाल तक जाने वाली ग्रामीण पथ विगत 6 वर्षों से जीर्ण-शीर्ण होकर गड्ढे में तब्दील हो गयी है जिससे ग्रामीणों का आवागमन अवरुद्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जनहित में उक्त पथों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

औचित्य बतलाना

*165. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मीनापुर प्रखंड के प्रखंड प्रमुख के द्वारा 30 महीनों में पंचायत समिति की बैठक का आयोजन आहूत नहीं की गयी है, जिससे प्रखंड का विकास कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

नया प्रखंड बनाना

*166. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड में 24 पंचायत है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड मुख्यालय से प्रखंड के दस पंचायतों की दूरी लगभग 20 से 30 कि० मी० है जिससे यहाँ के आमजनों को दैनिक कार्य के लिये पूरण छपरा, मेदन सिरसिया, मणि छपरा इत्यादि से प्रखंड मुख्यालय जाने में काफी कठिनाई होती है एवं कार्य निष्पादन में विलंब होता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कल्याणपुर प्रखंड में से 10 पंचायत को अलग कर पूरण छपरा को नया प्रखंड बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

वीयर का जीर्णोद्धार

*167. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के बरहट प्रखंड के रकसी वीयर एवं खैरा प्रखंड के मानपुर वीयर योजना जो खेतों का सिंचाई का साधन है किन्तु वीयर पईन का जीर्णोद्धार विगत दस वर्षों से नहीं हुआ है जिसके कारण वीयर के अन्तिम छोड़ तक पानी नहीं पहुँच रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों वीयर का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*168. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड में घघड़ी पंचायत के वार्ड नं० 4 में स्कूल टोला घघड़ी से वार्ड नं० 9 नवीन टोला घघड़ी तक 2 किलो मीटर कच्ची सड़क का अबतक पक्कीकरण नहीं किया गया है, जिससे बरसात में ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़कों का जीर्णोद्धार

*169. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सदर प्रखंड में मब्बी से मधुपुर एवं एन०एच० 105 से बगडीहा सोनहान होते हुये वासुदेवपुर तक जाने वाली ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क अत्यंत जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त दोनों सड़कों का जीर्णोद्धार कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रखण्ड कार्यालय भवन का निर्माण

*170. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के नरकटिया विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत बनकटवा प्रखंड को वर्ष 1990 में प्रखण्ड का दर्जा दिया गया था किन्तु अभीतक कार्यालय भवन का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे उक्त कार्यालय में पदस्थापित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य संपादन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखण्ड का कार्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध में कटाव की मरम्मती

*171. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र के कुशमाहा पंचायत के आँसुरी घाट एवं सहबाजपुर पंचायत के खैरबन्ना गाँव के पास परमान नदी पर मनरेगा योजना द्वारा निर्मित जमींदारी बाँध में वर्ष 2017 एवं वर्ष 2019 में आये बाढ़ से कटाव हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाँध में कटाव के कारण परमान नदी का 80 प्रतिशत तक पानी इसी से प्रवाहित होता है तथा फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र के हजारों एकड़ फसल को प्रतिवर्ष नुकसान पहुँचाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कटाव को बरसात से पहले मरम्मत कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*172. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिला के गौनाहा प्रखंड अंतर्गत ग्राम-बंगपुर में जमुआ पहाड़ी नदी पर तथा मर्जदी एवं मैघौली ग्राम के बीच हड़बोड़ा नदी पर पुल नहीं रहने से आस-पास के गाँवों के लोगों को जिला मुख्यालय आने-जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदियों पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ग्रामीण इंदिरा आवास की स्वीकृति

*173. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के अन्दर प्रखंड के ग्राम-सुलतानपुर निवासी सदल माँझी वल्द स्व० बुधाई माँझी को वित्तीय वर्ष 2005 में इंदिरा आवास की स्वीकृति मिली थी लेकिन तत्कालीन मुखिया एवं पंचायत सेवक द्वारा इंदिरा आवास की 16 हजार राशि की फर्जी तरीके से निकासी कर ली गई जिससे लाभुक को आवास से वंचित रहना पड़ गया एवं दोषियों पर कार्रवाई भी नहीं हुई;

(2) क्या यह बात सही है कि सदल माँझी का देहांत हो जाने के बाद उनकी विधवा सुगान्ती देवी अपने चार छोटे बच्चों के साथ टूटे घर में रहने को मजबूर हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुगान्ती देवी को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (इंदिरा आवास) स्वीकृत कर गृह निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*174. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड के बिशनपुर से लौचा पार्ट-2 ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क में गुढ़ीटोला के निकट पुल अगस्त, 2017 के बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि इतने दिनों के बाद भी उक्त क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण नहीं हो पाया है जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर नये पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आहर का जीर्णोद्धार

*175. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखंड अंतर्गत काउप पंचायत के ग्राम-देवढ़ी में आहर था, जो किसानों के पटवन का एकमात्र साधन था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव में बियर फैक्ट्री का निर्माण कार्य विगत 4-5 वर्ष पूर्व में किया गया है तथा आहर को मिट्टी भराई करके कब्जा कर उसपर भी फैक्ट्री के कुछ भाग का निर्माण कार्य कर लिया गया है जिससे किसानों को पटवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त आहर को कब्जामुक्त कराते हुये आहर का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*176. श्री विद्या सागर केसरी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत फारबिसगंज विधान सभा के मटियारी पंचायत के कोठी हाट के निकट भट्टाबाड़ी की ओर तीन-चार पंचायत को जोड़ने वाली ए0 बी0 सी0 (अररिया ब्रांच कैनाल) नहर पर निर्मित पुल काफी जर्जर एवं संकीर्ण है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के जर्जर एवं संकीर्ण होने से सड़क जाम की समस्या बनी रहती है जिससे आवागमन प्रभावित हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ए0 बी0 सी0 नहर पर कोठी हाट के निकट आर0 सी0 सी0 पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

नाला का निर्माण

*177. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआंव प्रखंड अंतर्गत आरा-सहार मुख्य पथ से बड़ी नहर पुल तक पथ का निर्माण कार्य विगत 50 वर्ष पूर्व में कराया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के दोनों तरफ नाला का निर्माण कार्य नहीं कराये जाने के कारण सालोंभर सड़क पर जल-जमाव रहता है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ के दोनों तरफ नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*178. श्रीमती रिंकी रानी पाण्डेय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखण्ड भभुआ के अधीनबारे-सोनहन मुख्य पथ से बहुआरा, बिंद टोला तक की सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीण जनता को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव तक सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*179. श्री (मो0) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, ग्रामीण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बरौली प्रखंड में ग्राम-रूपनछाप के निकट गंडकी नदी पर पुल नहीं रहने के कारण मोहद्धीपुर, पकड़िया ग्राम सहित अन्य ग्राम के लगभग पाँच हजार आबादी को पाँच किलो मीटर से अधिक दूरी तक कर मुख्य मार्ग तक आना-जाना पड़ता है, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पुनः निर्माण

*180. श्री (डॉ0) सी0 एन0 गुप्ता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत रिविलगंज प्रखंड के ग्राम-मोहब्बहत परसा के पास-सोंधी नदी पर स्थित पुल दस साल पूर्व से जर्जर हो गया है, साथ ही एप्रोच सड़क और रेलिंग भी जर्जर है, जिसके कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल एवं एप्रोच सड़क का पुनः निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*181. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत तरियानी प्रखंड के कुम्हरार से शरीफ नगर तक की सड़क में लढ़ौर शंकर राय के घर से जगदीशपुर के हरिहर राय के घर तक डेढ़ कि0 मी0 तक की सड़क कच्ची है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*182. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बरौली प्रखंड के नीगा पंचायत अंतर्गत सिमरौना से नींगा तक लगभग 1.5 कि0 मी0 लंबी सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था में है, जिसके आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का पक्कीकरण

*183. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखंड के बैरिया डीह पंचायत में महावीर मंदिर से निर्मल सहनी(नेत्री) के घर होते हुए पक्की सड़क तक जाने वाली कच्ची सड़क करीब तीन-चार पंचायतवासियों को मुख्य मार्ग से जोड़ती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क कच्ची रहने के कारण बरसात के दिनों में पक्की सड़क तक जाने में आम जनता को परेशनियों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महावीर मंदिर से निर्मल सहनी (नेत्री) के घर होते हुए पक्की सड़क तक जाने वाली कच्ची सड़क को पक्कीकरण करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*184. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखंड के चनका पंचायत के 10 नम्बर सड़क से पश्चिम धुनैली गाँव की तरफ जाने वाली सड़क में नहर पर पुल का निर्माण नहीं हुआ है, जबकि नहर के दोनों तरफ पक्की सड़क का निर्माण हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का चौड़ीकरण

*185. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि एस0 एच0 73 से माधर-बाइसकट्ठा मोड़ प्रखंड मुख्यालय लकड़ी-नबीगंज होते हुये जिला मुख्यालय सीवान तक जानेवाली सड़क संकीर्ण है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है। यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ को कबतक चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पंचायत भवन का निर्माण

*186. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंड के पंचायत मड़वन एवं बेरूआडीह पंचायत में पंचायत सरकार भवन नहीं होने से वहाँ के ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

गाँव को पथ सम्पर्कता प्रदान करना

*187. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड के पंचायत केराप में ग्राम-नौवाखाप सम्पर्क पथ विहिन है जिसके कारण उक्त गाँव के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित गाँव को पथ सम्पर्कता प्रदान करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटावनिरोधक कार्य कराने

*188. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में वर्ष 2017 में आई बाढ़ से दिघलबैंक प्रखंड के आठगाछी एवं फुलगाछी (पूर्व एवं पश्चिम) ग्रामों के नजदीक बुढ़ी कनकई नदी से भीषण कटाव हुआ था, परंतु अबतक कटावनिरोधक कार्य नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थलों पर कटावनिरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*189. श्री चन्दन कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के खगड़िया प्रखंड में पी0डब्लू0डी0 पथ चेला से ग्राम-रानीशकरापुरा तक सम्पर्क पथ नहीं है, जिससे उक्त ग्राम के लगभग बारह हजार आबादी को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ की मरम्मती

*190. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत प्रखंड काराकाट, ग्राम-सर्वानन्द डिहरी से बेलाढ़ी तक का पथ जर्जर अवस्था में है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बरसात के समय यह पथ पूरी तरह से बंद हो जाता है जिससे आवागमन पूर्णत: बंद हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सर्वानन्द डिहरी से बेलाढ़ी तक के पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

तटबंध का पक्कीकरण

*191. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड के कमला नदी के दोनों तटबंध में बेला से सुखी साईफन एवं जयनगर से सुखी साईफन तक तटबंध कच्ची होने से बाँध के अंदर रहने वाले लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त तटबंध का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पुनर्निर्माण

*192. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर नगर क्षेत्र अन्तर्गत जीरोमाईल (सबौर) से चम्पानाला एन0 एच0 80 तक की सड़क विगत 5 वर्षों से जर्जर एवं कम चौड़ी रहने के कारण हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण एवं चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवास उपलब्ध कराना

*193. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कोटवा प्रखंड कार्यालय का भवन एवं पदाधिकारी/कर्मचारी का आवास नहीं रहने के कारण जनहित के कार्यों में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक कोटवा प्रखंड कार्यालय का भवन एवं पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये आवास की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*194. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत चकिया प्रखण्ड के N.H-28 तरनिया से चंद्रशील विद्यालय होते हुए तरनिया गाँव तक कच्ची सड़क है, जिससे बरसात के दिनों में ग्रामीणो को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सम्पर्क पथ का निर्माण करना

*195. श्री जय वर्धन यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जल संसाधन विभाग के पत्रांक 1792, दिनांक 25 नवम्बर, 2017 के माध्यम से ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार सरकार को नहर सेवा पथों की मरम्मती का अनुरोध किया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत प्रखंड पालीगंज के नहर किनारे स्थित ग्राम तारणपुर में जी0 टी0 एस0 एन0 वाई0 द्वारा सम्पर्क पथ के निर्माण की निविदा दो वर्ष पूर्व हो जाने के बाद भी, अभीतक जल संसाधन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र नहीं जारी करने के कारण ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक निविदा के अनुसार नहर किनारे स्थित ग्राम तारणपुर को पथ सम्पर्कता प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्लूईस गेट का जीर्णोद्धार

*196. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखण्ड स्थित बेलहा बथनाहा जीरो माईल से किसनीपटी रेलवे क्रासिंग के समीप बने स्लूईस गेट अवरुद्ध हो जाने के कारण ग्राम डेवढ़ एवं घोघरडीहा मौजे का हजारों एकड़ जमीन सालों भर जलमग्न रहता है, जिसके कारण इन गाँवों के किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्लूईस गेट का जीर्णोद्धार कराकर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटावनिरोधक कार्य कराना

*197. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में वर्ष 2017 में आई बाढ़ से प्रखंड ठाकुरगंज के ग्राम सिमलबाड़ी एवं प्रखंड दिघलबैंक के ग्राम फुलबाड़ी के निकट ''बुढ़ी कनकई नदी'' से भीषण कटाव हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड 1 में वर्णित ग्रामों के निकट कटावनिरोधक कार्य कराने का प्रस्ताव जिला स्तरीय तकनीकी सलाहकार समिति, किशनगंज के द्वारा विभाग को अक्टूबर, 2018 में भेजा गया था परंतु अबतक कटावनिरोधक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त स्थलों पर कटावनिरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पुनर्निर्माण

*198. श्री शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखण्ड के सौनेली पी0 डब्लू0 डी0 सड़क से बसंतपुर तक जाने वाली सड़क क्षतिग्रस्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ मरीजों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कदवा जाने का एक मात्र साधन है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*199. श्री शत्रुधन तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत अमनौर प्रखण्ड में अमनौर धरहरा प्रधानमंत्री सड़क से दलित बस्ती फिरोजपुर होते हुए मन्दैहली दलित बस्ती मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क तक जाने वाली सड़क जर्जर होने के कारण क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आहर-पईन का जीर्णोद्धार

*200. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के पकरीबरावां प्रखण्ड अन्तर्गत डोंला गाँव में सिंचाई हेतु बड़ा आहर एवं पईन उपलब्ध है, जिससे मिट्टी भर जाने से अनुपयोगी हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त आहर-पईन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों

---

पानी का प्रवाह चालू कराना

*201. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत आस्था प्रशाखा माईनर के 07 आर0 डी0 से 30 आर0 डी0 तक नहर में वर्ष 2010 से पानी का प्रवाह बंद है, जबकि नहर से आच्छादित होने वाले किसानों से प्रतिवर्ष विभाग द्वारा पटवन की राशि वसूल की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 22 अगस्त, 2018, 5 दिसम्बर, 2018, 23 फरवरी, 2019 तथा 12 मई, 2019 को किसानों के शिष्टमंडल द्वारा कार्यपालक अभियंता, नहर प्रमण्डल बेतिया, अधीक्षण अभियंता-अंचल बेतिया से मिलकर उक्त नहर से पानी की उपलब्धता हेतु अनुरोध किये जाने के बावजूद नहर में पानी उपलब्ध नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या इस सरकार उक्त नहर में पानी का प्रवाह चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*202. श्री चंद्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इसलामपुर प्रखंड के पंचायत वेशवक में ग्राम-बड़ाय से शेखअल्ली होते हुये पंचायत मुख्यालय वेशवक तक जाने वाली लगभग 1.5 कि० मी० तक सम्पर्क सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण ग्राम-बड़ाय एवं चकपर के लोगों को पंचायत मुख्यालय आने-जाने के लिये लगभग 8 कि० मी० की अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सम्पर्क सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*203. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड में बांधी चौक से बालदेव राय के घर होते हुये महुआ मुख्य पथ तक सड़क जर्जर है जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को जनहित में कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़कों का निर्माण

*204. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2013-14 में L050-L047 से सहसपुर तथा जाले वेस्ट से हीरानगर तक सड़क निर्माण की स्वीकृति के 6 साल बाद भी सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वीयर के निःसृत वितरण प्रणाली का निर्माण

*205. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत तारापुर प्रखंड के ग्राम-खैरा के समीप चानकेन गेटेड वीयर का निर्माण 2 वर्ष पूर्व किया गया था जिससे 2000 एकड़ से ज्यादा भूमि सिंचित होती है, किन्तु अभीतक चानकेन गेटेड वीयर से निःसृत होने वाली वितरण प्रणाली का निर्माण नहीं होने से किसानों का सिंचाई को पर्याप्त लाभ नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वीयर के निःसृत वितरण प्रणाली के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

संपर्क पथ का निर्माण

*206. श्री वशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड कोचस के ग्राम-बठोरी एवं दामोदर डिहरा में अभीतक संपर्क पथ का निर्माण नहीं कराया गया है, जिसके कारण उक्त ग्राम की जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक ग्राम-बठोरी एवं दामोदर डिहरा में संपर्क पथ का निर्माण कर पक्की सड़क से जोड़ने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

संपर्कता प्रदान करना

*207. श्री राम विचार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत साहेबगंज प्रखंड के ग्राम-गुलाब पट्टी में सत्यनाराण महतो के घर से तुखा महतो के घर पथ नहीं रहने के कारण उक्त टोला की जनता को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क तक सम्पर्कता उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सम्पर्कविहीन उक्त टोले को सम्पर्कता प्रदान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*208. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के भैरोखड़ा से कस्तुरी सराय चौक तक की सड़क जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*209. श्री शाहनवाज--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के महलगाँव से करहरा गाँव के बीच नदी पर निर्मित पुल 2018-19 में आयी बाढ़ से ध्वस्त हो गया है, लेकिन आजतक उक्त ध्वस्त पुल का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ध्वस्त पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*210. श्री शाहनवाज--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के दोमाना गाँव में पुल नं० बी०आर०ओ०आई०आर० 197 सी०एच० 03000M एवं बी०आर०आई०आर० 198सी० एच० 0300एम वर्ग का निर्माण दिनांक 28 दिसम्बर, 2015 तक पूर्ण कर लेना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों पुल का निर्माण कार्य 2018-19 तक मात्र 50 प्रतिशत हुआ, जिसे पुन: विस्तारित होने के बाद दिसम्बर, 2019 तक पूर्ण कर लेना था, लेकिन आजतक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों पुल का निर्माण कार्य पूर्ण कर पुल पर आवागमन चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*211. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के मझुआ पूरब पंचायत अन्तर्गत कारी कोशी नदी के लकुनवा घाट में पुल का निर्माण नहीं होने के कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*212. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बरारी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत 1994 में सृजित समेली एवं कुर्सेला प्रखंड क्रमश: पुस्तकालय भवन एवं सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवन में करीब 25 वर्षों से संचालित रहने से पदा०/कर्म० सहित आमजन को असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंडों के लिये पृथक रूप से कार्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*213. श्री रवि ज्योति कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के सिलाव प्रखंड के गोरमाँ पंचायत के भगवानपुर गाँव की सड़क का निर्माण कार्य विगत पाँच वर्ष पूर्व प्रारम्भ किया गया था, जो आजतक अधूरा है एवं निर्माण सामाग्री सड़क पर पड़ा है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*214. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के विराटपुर पंचायत के मेन सड़क से वैसा महादलित टोला तक कच्ची सड़क रहने के कारण आमजनों को प्रखंड मुख्यालय आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मेन सड़क से वैसा महादलित टोला तक की कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का कालीकरण

*215. श्रीमती कुंती देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखण्ड खिजरसराय में गया, इस्लामपुर पक्की सड़क से निकलकर ग्राम-अईमा खार होते महादलित टोला ग्राम-रामपुर तक जानेवाली कच्ची सड़क है, जिसके कारण उक्त ग्राम के ग्रामीणों को बरसात के मौसम में आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ग्राम के कच्ची सड़क को कालीकरण करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पैन का जीर्णोद्धार

*216. श्री रविन्द्र यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत गिद्धौर प्रखंड स्थित मौरा पंचायत के ग्राम-मौरा के पुआरी, पछियारी पैन के क्षतिग्रस्त होने के कारण किसानों को सिंचाई में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त क्षतिग्रस्त पैन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

औचित्य बतलाना

*217. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोधगया प्रखण्ड के नीमा पईन, आहर, टनकुप्पा प्रखण्ड के तिलहेता, दशाईन बाँध पईन आहर एवं बरसौना वीयर सिंचाई योजना का वित्तीय वर्ष 2018-19 में जीर्णोद्धार किया गया था, जिसकी जाँच हेतु उप-सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, पटना के पत्रांक 6176, दिनांक 2 सितम्बर, 2019 द्वारा मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को लिखा गया था, लेकिन आजतक उक्त योजना में हुई अनियमितता की जाँच नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो अभीतक जाँच नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

स्लूईस गेट निर्माण

*218. श्री शत्रुधन तिवारी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के अमनौर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत राज धर्मपुर जाफर के ग्राम-अमनौर सुल्तान टोले जान स्थित मही नदी पर स्लूईस गेट नहीं होने के कारण उससे सटे पईन से नदी का पानी बगल के खेतों में चला जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि पईन की उड़ाही नहीं होने और नदी में स्लूईस गेट नहीं रहने के कारण जल-जमाव होने सो आस-पास के 100 एकड़ से ज्यादा भूमि पर खेती नहीं हो पा रही है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर स्लूईस गेट निर्माण कराने एवं पईन की उड़ाही कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*219. श्री मोहम्मद नवाज आलम--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा विधान सभा क्षेत्र के जमीरा पंचायत में पंचायत सरकार भवन बनाया गया है, लेकिन उस पंचायत सरकार भवन में न तो आर० टी० पी० एस० काउंटर खुला है, न ही अन्य प्रकार का कार्य ही किया जाता है, साथ-ही-साथ इस भवन में एक भी कर्मचारी नहीं रहता है, भवन हमेशा बंद रहता है तथा सनदिया पंचायत में पंचायत सरकार भवन आधा-अधूरा बना है, कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जमीरा पंचायत में पंचायत सरकार भवन को सुचारु रूप से चलाने एवं सनदिया पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नहर निर्माण

*220. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिले के टिकारी विधान सभा क्षेत्र में बेनीपुर वारा से रतनी कैनाल से एक शाखा नहर का निर्माण कार्य लगभग 40 वर्ष पूर्व आरंभ हुआ था जो केसपा, बोहिया, हमीदपुर तक 17 कि० मी० लम्बी है, जिसका निर्माण कार्य आजतक पूरा नहीं हो पाया है, जिसके कारण आस-पास के गाँवों के किसानों को सिंचाई में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अधूरे नहर का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का कालीकरण

*221. श्रीमती कुन्ती देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड अतरी में अतरी-बथानी पक्की सड़क से निकल कर ग्राम-सोईयापर सेवा बिगहा में जानेवाली सड़क का आजतक कालीकरण नहीं कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रामों के ग्रामीणों को बरसात के मौसम में आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों के सड़क को कालीकरण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

टोला को सम्पर्कता प्रदान करना

*222. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड के पंचायत केराप के चन्द्रेहटा महादलित टोला सम्पर्क पथविहीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि सम्पर्क पथ नहीं रहने से उक्त टोला के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपरोक्त वर्णित टोला को पथ सम्पर्कता प्रदान करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

नलकूप को चालू कराना

*223. श्री चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के मधेपुरा प्रखंड के गणेश स्थान एवं भाई भेरियाही स्थित नलकूप मरम्मती एवं अन्य यांत्रिक दोष के कारण बंद हैं जिससे किसानों की कृषि रोडमैप को बनाने के बावजूद कृषि कार्यों में काफी रूकावटें पैदा हो रही हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नलकूपों के लिये आवश्यक संसाधनों की मुहैया कराते हुये कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सिंचाई की व्यवस्था कराना

*224. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई प्रखंड के चहवाचा आहर एवं नवा आहर में गंदगी भर जाने के कारण वहाँ के लोगों को काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त आहरों की उड़ाही करवाते हुये सिंचाई की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*225. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड स्थित तरडीहा, तीनमुआही से मधेपुरा तक 1952 से पहले पश्चिमी कोसी तटबंध-सह-सड़क हेतु अर्जित हजारों एकड़ भू-खंड अतिक्रमित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भू-खंड को मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*226. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत भालपट्टी में बरही टोला (बेहट) तक जाने वाली पथ मनीगाछी और सदर प्रखंड को जोड़ती है तथा सदर प्रखंड के खरथुआ से भवानीपुर जाने वाली पथ के मध्य पुल नहीं होने के कारण बरसात के समय में आवागमन बाधित हो जाता है तथा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त दोनों सड़कों के मध्य में पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*227. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड-मझौलिया के पंचायत जौकटिया में जौकटिया चौक से भानाचक तक जाने वाली सड़क में कोहड़ा नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*228. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बाराचट्टी विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बारा में गया डोभी मुख्य सड़क से ग्राम-पछान तक सड़क का निर्माण किया गया, परन्तु बीच में लगभग डेढ़ किलोमीटर तक की सड़क अपूर्ण है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का पूर्ण निर्माण कराकर आवागमन सुलभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*229. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर विधान सभा क्षेत्र के तोल ग्राम पंचायत में तोल महादलित टोला तथा छोटकी चनोखर टोला एकल सम्पर्कता विहीन पूरक राज्य कोर नेटवर्क-2 में सम्मिलित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों टोलों में सड़क नहीं होने से आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सम्पर्कता विहीन टोलों में कबतक सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*230. श्री चंद्रशेखर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत नवटोल चौक एन०एच०-107 से विषणपुर होते हुये चामगढ़ तक जाने वाली सड़क कच्ची है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के कच्ची रहने से विषणपुर एवं घाट टोला आदि के सैंकड़ों परिवारों को प्रखण्ड मुख्यालय, जिला मुख्यालय, अस्पताल, स्कूल-कॉलेज एवं बैंक आदि जाने में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क के पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पुल का निर्माण

*231. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखण्ड के ग्राम रमुनी एवं कोरा-भीम के बीच बागमती तटबंध में आवागमन हेतु पुल नहीं है जिसके कारण ग्राम कोरा-भीम, रमुनी सिरसिया आदि गाँव के किसानों को गन्ना मिल में गन्ना भेजने एवं कृषि कार्य में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त तटबंध पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## आई०टी०आई० कॉलेज भवन का निर्माण

*232. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी अनुमंडल आई०टी०आई० कॉलेज खोलने हेतु डिग्री कॉलेज के निकट दो वर्ष पूर्व जमीन उपलब्ध करा दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर आई०टी०आई० कॉलेज खोलने के लिये उपलब्ध भूमि पर कार्यपालक अभियंता, पूर्णियाँ ने आपत्ति जताई कि उक्त भूमि पर बाढ़ का पानी आने से आई०टी०आई० कॉलेज नहीं बनाया जा सकता है, जबकि उक्त भूमि के बगल में डिग्री कॉलेज चल रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मामले की उच्च स्तरीय जाँच कराकर आई०टी०आई० कॉलेज भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## नदी से कटाव रोकना

*233. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत जियामारी से बेलगच्छी एवं दिल्ली दिवानगंज से लखनपुर तक महानन्दा नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कटाव को रोकने हेतु कटावरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सामुदायिक शौचालय का निर्माण

*234. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई प्रखंड में स्थित सरौन काली मंदिर एवं बामदह अवस्थित प्रसिद्ध नेत्र अस्पताल में सामुदायिक शौचालय नहीं रहने से आमजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों स्थानों पर सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*235. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत कुढ़नी प्रखंड में सोनवर्षा पंचायत के सोनवर्षा पंचमुखी हनुमान जी के मंदिर क सामने से रामचन्द्र पासवान के घर तक की सड़क जर्जर है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क को कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

फ्लाई ओवर का निर्माण

*236. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के जगदीशपुर बाजार की आबादी अधिक होने तथा सड़क संकीर्ण होने कारण हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार जगदीशपुर बाजार में फ्लाई ओवर का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

आहर-पईन का जीर्णोद्धार

*237. श्रीमती अरुणा देवी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के पकरीबरावां प्रखंड अन्तर्गत केशौरी गाँव में सिंचाई हेतु आहर एवं पईन स्थित है जो जीर्ण हो गयी है एवं जिसमें मिट्टी भर जाने के कारण सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त आहर-पईन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

प्रखण्ड को ओ0 डी0 एफ0 घोषित करना

*238. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत गोराडीह प्रखंड के सभी पंचायतों के ग्रामीणों द्वारा बनाये गये शौचालयों का निर्माण कार्य अबतक पूर्ण नहीं होने के बावजूद उक्त प्रखण्ड को ओ0 डी0 एफ0 घोषित कर दिया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

----------

पथ का निर्माण

*239. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड के रजीगंज पंचायत के भटिया पोखर चौक से मोतीनगर, श्रीनगर, फसिया, रजीगंज की ओर जाने वाली पथ काफी जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के दर्जनों स्थानों पर ईट सोलिंग उखड़ने की वजह से गड्ढ़ा हो गया है, जिसमें बरसात के दिनों में पानी जमा हो जाने से आवागमन बाधित रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

बेडवार का निर्माण

*240. श्री विजय कुमार 'विजय'--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के सदर प्रखंड के टीकारा ग्राम में गंगा का कटाव तेजी से हो रहा है, जिससे किसानों का फसल गंगा में समाहित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम में एक बेडवार निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चेकडैम निर्माण

*241. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के बेलसर प्रखंड अंतर्गत लरहार नदी पर बना तटबंध जर्जर है, जिसके कारण जल संचय नहीं हो पाता है तथा जल संचय नहीं होने के कारण हजारों एकड़ भूमि सिंचाई से वंचित रह जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी में झिकुलिया विषहरी स्थान के बगल में चेक डैम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*242. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अंतर्गत प्रखंड काराकाट, गोड़ारी में ग्राम-चिकसिल से चौंगाई तक का पथ कच्चा होने के कारण बरसात के समय वाहन एवं आम जनता को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार चिकसिल से चौंगाई तक के पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुलिया का निर्माण

*243. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर प्रखंड अंतर्गत मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना द्वारा उसमामठ से कोकट जाने वाली सड़क में उसमामठ के पास आर० सी० सी० पुलिया जिसकी लंबाई 3 एम० गुना 3 एम० साईज एवं कार्य की लागत 24.840 लाख के निर्माण कार्य का शिलान्यास प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा दिनांक 6 जुलाई, 2016 को सम्पन्न किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुलिया का निर्माण कार्य अभीतक पूर्ण नहीं हो पाया है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुलिया का निर्माण कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ को डबल लेन में तब्दील कराना

*244. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय-पटना जिला के मध्य राजेन्द्र पुल पर बड़े वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी गई है, जिसके कारण ये वाहन रोसड़ा, गढ़पुरा भाया बखरी, खगड़िया होते सिलीगुड़ी, झारखंड जाती है, जबकि यह पथ सिंगल लेन है, जिससे इसपर हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार रोसड़ा से गढ़पुरा भाया बखरी होते खगड़िया तक जानेवाली उक्त अति महत्वपूर्ण पथ को कबतक डबल लेन में तब्दील कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) वस्तुस्थिति यह है कि बेगूसराय-पटना जिला के मध्य राजेन्द्र पुल क्षतिग्रस्त रहने के कारण बड़ी वाहनों का परिचालन पर रोक लगा दी गई है एवं रोसड़ा से दौलतपुर तक का पथांश SH-55 का है, जो डबल लेन है तथा दौलतपुर से गढ़पुरा भाया बखरी तक पथ की चौड़ाई 5.5 मीटर है, जो खगड़िया तक जाती है ।

(2) वर्तमान में पथ डबल लेनिंग का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

--------

पार्क में शहीद स्मारक का निर्माण

*245. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना के कंकड़बाग डिफेन्स कॉलोनी पार्क में वर्ष 2010 में शहीद स्मारक बनाने हेतु शिलान्यास किया गया था, किन्तु अभीतक पार्क में शहीद स्मारक बनाने का कार्य शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पार्क में शहीद स्मारक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

तटबंध बचाने का उपाय करना

*246. डॉ0 रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंडान्तर्गत चतुरपुर पंचायत के शेखडुमरी, बथानी टोला में अब्दुल्ही घाट से एल0सी0टी0 घाट तक ओभर वर्डेन के कारण गंगा नदी का तटबंध क्षतिग्रस्त हो रहा है तथा बाँध कमजोर होकर टूटने के कगार पर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों के बचाव हेतु सुरक्षात्मक उपाय कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कार्य की जाँच

*247. श्री चंद्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर प्रखंड के पंचायत वेशवक में ग्राम-मोहिउद्दीनपुर के निकट औंगारी वैतरणी कैनाल से निकलने वाली पईन जो शेखअल्ली होते हुये वेशवक तक जाती है, का ढ़लाई पक्कीकरण कार्य अक्टूबर, 2019 में पूर्ण हुआ है, परन्तु उसमें घटिया सामाग्री के उपयोग किये जाने के कारण जहाँ-तहाँ दरार हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त निर्माण कार्य की जाँच कराकर कबतक मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*248. श्री रविन्द्र यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत झाझा प्रखंड के दुरपहड़ी से लालबैरो तक की सड़क जर्जर है, जिस कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा आये दिन दुर्घटना होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटावनिरोधी कार्य कराना

*249. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत छब्बु टोला से बबलाबन्ना तक गंगा नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कटावनिरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्लूईस गेट का निर्माण

*250. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के मेहतरपट्टी गाँव में कालामोइन पर एवं खजौली प्रखंड अन्तर्गत जीवछ नदी पर नरार, थानटोल तथा महुआ ग्राम के बीच स्लूईस गेट नहीं रहने से कई हजार एकड़ भूमि की सिंचाई नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों स्थान पर स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*251. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुख्य नहर गोपालगंज से जिला-सीवान के प्रखंड लकड़ी नबीगंज के मुसेहरी होते हुये गोपालपुर से बूढ़ी गंडक सोनपुर में जाकर मिल जाती है तथा इसी से सहायक मदारपुर से बसंतपुर एंव भगवानपुर हाट प्रखंड से बूढ़ी गंडक सोनपुर में जाकर मिलती है, इन दोनों नहर में नाला का निर्माण नहीं होने से दोनों भाग में फसल सूख जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों नहरों में पटवन हेतु नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*252. श्री हरिशंकर यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत रघुनाथपुर प्रखंड के कृषि फार्म से हरनाथपुर होते हुये नीलकंठ बाबा तक जानेवाली सड़क अत्यंत जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बांध का निर्माण

*253. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड अन्तर्गत अधवारा समूह की संधी नदी में सुतीहारा से लेकर रसलपुर कुंवारी तक बांध का निर्माण नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर बांध नहीं रहने के कारण बरसात के समय नदी के उफान से हजारों एकड़ में लगी फसल बर्बाद हो जाती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर बांध का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

टोलों का सम्पर्कता प्रदान करना

*254. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रमीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत आमस प्रखण्ड के पंचायत सांव में छोटकी पिण्डरा दास टोला एवं डोभी प्रखण्ड के पंचायत खरांटी में खरांटी मुस्लिम टोला सम्पर्क पथ विहीन है जिसके कारण उक्त टोलों के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित टोलों को सम्पर्कता प्रदान करने हेतु संपर्क पथ के निर्माण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रखण्ड का निर्माण

*255. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखण्ड में कुल 30 पंचायत एवं 29 वार्ड का एक नगर परिषद् क्षेत्र है ;

(2) क्या गह बात सही है कि बड़ा प्रखण्ड रहने के कारण प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल पदाधिकारी को सरकारी कार्यों का निष्पादन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार खण्ड एक में वर्णित पंचायतों एवं नगर परिषद् क्षेत्रों को मिलाकर दो प्रखण्ड बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण एवं दोषी पर कार्रवाई

*256. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मुरौल प्रखंड में मुजफ्फरपुर से समस्तीपुर तक जाने वाली सड़क में ढोली जमुआरी नदी पर पुल निर्माण निगम द्वारा निर्मित पुल में मानक के अनुसार कार्य नहीं होने के कारण पुल क्षतिग्रस्त हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल निर्माण की गुणवत्ता जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*257. श्री राहुल तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखण्डान्तर्गत ग्राम-धमवल के पास पुल का निर्माण नहीं होने के कारण धमवल गाँव का मुख्य सड़क से सम्पर्कता अभीतक नहीं हो पायी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम को सड़क सम्पर्कता से जोड़ने के लिए उक्त स्थल पर कबतक पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि का भुगतान

*258. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में निबंधित गर्भवती महिला श्रमिकों के बच्चे के जन्म लेने पर उन्हें 180 दिनों का 279 रु0 प्रतिदिन की दर से कुल 50 हजार रुपया भुगतान करने का प्रावधान है, यदि हाँ, तो 01 जनवरी, 2019 तक की अवधि में जन्म देने वाली कुल कितनी गर्भवती महिला श्रमिकों को राशि का भुगतान किया गया है ।

---

पथ का निर्माण

*259. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हनुमान नगर प्रखंड के नेयाम गाँव के पास बागमती नदी पर वर्ष 2017 में पुल निर्माण निगम द्वारा पुल का निर्माण कर दिया गया है, जिससे नेयाम छतौना पंचायत के साथ-साथ कई पंचायत को हायाघाट से सम्पर्कता होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल का एप्रोच नेयाम तरफ से तैयार है, परंतु हायाघाट तरफ से समस्तीपुर जिला के कुछ असामाजिक लोगों द्वारा बिना कोई कागजात के सरकारी जमीन का जबरन मुआवजा लेने हेतु एप्रोच पथ बनाने वाली एजेंसी को काम करने से रोक दिया गया है, जिससे आज तक एप्रोच पथ नहीं बन पाया है, जबकि जमीन नदी का है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पुल के एप्रोच पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का पक्कीकरण

*260. श्री (मो0) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत दिघलबैंक प्रखंड के लक्ष्मीपुर ब्रुज टोला के जामुन बस्ती से बीबीगंज मुड़ी बेची बस्ती तक सड़क कच्ची है जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जाँच

*261. श्री मुनेश्वर चौधरी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गरखा प्रखंड में भोतीराजपुर औढ़ा से गरखा की ओर नदी के दोनों किनारे बाढ़ निरोधक कार्य-सह-सड़क का निर्माण कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाढ़ निरोधक कार्य-सह-सड़क निर्माण में मिट्टी भराई एवं कालीकरण कार्य में मानक के विपरीत सामग्री का उपयोग किया जा रहा है एवं प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं कराया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जाँच कराने एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का विचार रखती है ?

--------

नहर की सफाई

*262. श्री विनय वर्मा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के नरकटियागंज विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत लौरिया प्रखंड में ग्राम-बरबीरो से ग्राम-लिपनी तक नहर की सफाई नहीं होने से किसानों को सिंचाई में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक लौरिया नहर की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*263. डॉ० राजेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड के पश्चिमी सरोतर मल्लाह टोला से पूर्वी सरोत्तर पुरैना महादलित टोला एवं पूर्वी सरोत्तर के नारायणपुर से बेलवाँ तक की सड़क कच्ची है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्लूईस गेट की मरम्मती

*264. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर नगर पंचायत अन्तर्गत गोला बाजार रेलवे पुल स्थित मुगल कैनाल में निर्मित स्लूईस गेट क्षतिग्रस्त हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्लूईस गेट की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी संवेदक पर कार्रवाई

*265. श्री अरूण कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखंड कहरा, सौरबाजार के रैता से सोनवर्षा कचहरी तक जाने वाली सड़क का एकरारनामा वर्ष 2017 में ही हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाबा हंस कन्स्ट्रकशन कम्पनी की लापरवाही के चलते एकरारनामा की अवधि समाप्त हो चुकी है, जबकि अबतक पथ का निर्माण नहीं हुआ है, जिसके कारण वहाँ के छोटे-छोटे बच्चों के पठन-पाठन के साथ-साथ आमजनों को भी आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराते हुये दोषी संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

--------

## सड़कों का जीर्णोद्धार

*266. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहादुरपुर प्रखंड में बेंता चौक 22 नं० गुमटी से चट्टी चौक तक एवं चट्टी चौक से कविलपुर तक जाने वाली ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क अत्यंत जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार खंड 1 में वर्णित दोनों सड़कों का जीर्णोद्धार कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पथ का निर्माण

*267. श्री चन्दन कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत खड्गी तिरासी वाटर वेज बांध के स्लूईस गेट से हरदिया सिमान तक का क्षेत्र किसी भी मुख्य पथ से जुड़ा हुआ नहीं है जबकि उक्त क्षेत्र की आबादी दस हजार है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ क्षेत्र के मुख पथ सें कबतक जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पुल निर्माण

*268. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के पुराने एम० आर० जे० एम० पथ में परतापुर गाँव के पास कमला नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर एक उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पुल का निर्माण

*269. श्रीमती रिंकी रानी पाण्डेय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत भभुआ प्रखंड के रतवार पंचायत के ग्राम खैरा से मरीचांव के बीच सुअरा नदी पर पुल नहीं होने के कारण दर्जनों गाँवों का आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

खुदाई एवं अतिक्रमण मुक्त कराना

*270. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के धमदाहा प्रखंडान्तर्गत बालूटोल, किशनटोली के पास कोसी नदी (फरियानी) में गाद जमा हो जाने एवं मुहाने का अतिक्रमण कर लिये जाने से नदी की धारा बरंडी नदी में मुड़ गयी है, जिसके कारण पूर्णियाँ जिले के धमदाहा प्रखंड एवं कटिहार जिला के फलका, कोढ़ा, बरारी, समेली, कुर्सेला प्रखंडों में प्रत्येक वर्ष भयंकर बाढ़ आ जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी में जमा गाद की खुदाई एवं मुहाने को अतिक्रणमुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*271. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बाराचट्टी विधान सभा क्षेत्र के डगरा मोड़ से प्रखंड मोहनपुर तक पथ काफी दिनों से जर्जर है, जिससे आये दिन दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बाँध का निर्माण

*272. श्री विनय वर्मा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के नरकटियागंज प्रखंड के कुण्डीलपुर पंचायत में मझरिया गाँव का मनियारी नदी से कई वर्षों से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव में कटाव रोकने के लिये सुरक्षात्मक बाँध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी पर कार्रवाई करना

*273. श्री कमरूल होदा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के किशनगंज-बहादुरगंज पी० डब्लू० डी० सड़क में ब्लॉक चौक के निकट वर्ष 2017 के बाढ़ में सड़क का कटाव हो गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि लगभग छः करोड़ रुपया की लागत से उक्त कटाव स्थल पर बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि० द्वारा पुल का निर्माण किया जा रहा है, जिसे सितम्बर, 2019 तक पूरा कर लिया जाना था किन्तु संवेदक एवं विभागीय लापरवाही के कारण उक्त पुल का निर्माण अबतक पूर्ण नहीं हो सका है, जिसे आमजनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने एवं कार्य में विलंब के लिये दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

योजनाओं को पूरा करना

*274. श्री राहुल तिवारी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड में मरचईया-सईया ग्राम के बीच बक्सर-कोईलवर गंगा तटबंध में लगभग 300 मीटर की लम्बाई में गैप है जिसको विभाग द्वारा एजेंडा सं० 144/500 से गैप की भराई एवं इसके दोनों ओर पुनर्स्थापन एवं सुरक्षात्मक कार्य 15 मई, 2018 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन आजतक कार्य नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक योजनाओं को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*275. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोधगया प्रखंड के निरंजना नदी के पश्चिमी तट पर भोजवर से राजापुर पुल तक की सड़क कच्ची है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क निर्माण हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य के पत्रांक बो०आ० 0319, दिनांक 21 दिसम्बर, 2017, पत्रांक बो०आ० 112, दिनांक 16 अप्रील, 2018, पत्रांक बो०आ० 184, दिनांक 23 सितम्बर, 2018 एवं पत्रांक बो०आ० 162, दिनांक 24 अगस्त, 2019 द्वारा माननीय मुख्यमंत्री, बिहार, पटना को पत्र लिखा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों की सुविधा हेतु उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ निर्माण

*276. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के एन० एच० 57 से ननौर (आर० सी० डी०) तक का पथ ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन है, यह पथ निर्माण विभाग में अधिगृहित होने की अर्हता को पूरा करता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ को पथ निर्माण विभाग में कबतक अधिग्रहण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--पथ अधिग्रहण की नयी नीति के आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग अपने स्वामित्व वाले पथों का उन्नयन स्वयं करायेगा ।

अतः ग्रामीण कार्य विभाग के पथों का पथ निर्माण विभाग के द्वारा अधिग्रहण करने का प्रश्न नहीं उठता है ।

---------

सड़क का पक्कीकरण

*277. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत दिघलबैंक प्रखंड के लक्ष्मीपुर गाँव के अस्पताल आर० ई० ओ० सड़क होते हुये नील मोहन यादव चौक तक चार कि० मी० सड़क कच्ची है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*278. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत बनमा ईटहरी प्रखंड के पंचायत सहुरिया के मनीया टोला से एन०एच० 107 तक की कच्ची सड़क विगत चार वर्षों से जर्जर है, जिससे आवागमन अवरुद्ध हो गया है, जिसके कारण आमजनों को प्रखंड मुख्यालय आने-जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराकर आवागमन बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*279. श्री हरिशंकर यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत हुसैनगंज प्रखंड के पकवलिया पंचायत के ग्राम-पकवलिया से सीवान शहर आने-जाने के लिये ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं को दाहा नदी पर ग्रामीणों द्वारा निर्मित चचरी पुल पार करना पड़ता है, जिससे उन्हें आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर चचरी पुल की जगह आर०सी०सी० पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*280. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बथनाहा प्रखण्ड के सिंगरहिया पंचायत और किशनपुर पंचायत में बंगबड़ी ग्राम के महादलित टोला तक दो किलोमीटर सड़क कच्ची रहने तथा लखनदेई नदी पर पुल नहीं रहने के कारण बरसात के दिनों में महादलित टोला के निवासियों का आवागमन बाधित हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बंगबड़ी ग्राम के महादलित टोला तक सड़क तथा लखनदेई नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आर०ओ०बी० का निर्माण

*281. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत नगर परिषद् क्षेत्र, मधुबनी के रेलवे गुमटी नंबर 13 पर आर०ओ०बी० (रोड ओवर ब्रीज) नहीं रहने के कारण प्रत्येक दिन घण्टों जाम लगा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त रेलवे गुमटी नंबर 13 पर आर०ओ०बी० का निर्माण कराने की अनुशंसा भेजने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*282. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखण्ड के किस्मत खवासपुर पंचायत अन्तर्गत सगुना गाँव में पुल का निर्माण वर्ष 2016-17 में कराया जा रहा था, जिसके संवेदक का वर्ष 2018 में देहांत हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक के देहांत के उपरान्त उपरोक्त पुल का निर्माण कार्य अधूरा है जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य

*283. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी प्रखंड के मथुरापुर, चमनटोल, मझुआ पश्चिम पार आदि गाँव में परवान नदी में प्रतिवर्ष बाढ़ आने से कटाव हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव में कटाव रोधक कार्य हेतु बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य की योजना तकनीकी सलाहकार समिति (टी०ए०सी०) की दिनांक 12 अक्तूबर, 2019 एवं योजना समीक्षा समिति एस०आर०सी० की दिनांक 26 अक्टूबर, 2019 की बैठक में स्वीकृति मिली थी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव के पास बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

वीयर का निर्माण

*284. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-सिलौटा के पास बरूआ नदी बालू उठाव के कारण काफी गहरा हो गयी है, जिससे आस-पास के दो हजार एकड़ में पटवन नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान के पास बरूआ नदी पर वीयर का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*285. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत बहेरी प्रखंड के उजैना से शिवराम-कुशियाम 7 KM पथ तथा मनीगाछी प्रखंड के मनीगाछी बलौर वाजितपुर होते हुये बेनीपुर तक जानेवाली ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क का निर्माण विगत 15 वर्ष पूर्व कराया गया था, जो मरम्मती के अभाव में जर्जर हो गया है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त दोनों सड़कों को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहीत कर उसका नवनिर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--पथ अधिग्रहण की नयी नीति के आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा अपने स्वामित्व वाले पथों का उन्नयन स्वयं करायेगा ।

अत: ग्रामीणों कार्य विभाग के पथों का पथ निर्माण विभाग के द्वारा अधिग्रहण करने का प्रश्न नहीं उठता है ।

-------------

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

पटना :

दिनांक 26 फरवरी, 2020 (ई०)।

बि०स०मु० 143 (एल०ए०) 2019-20 डी०टी०पी०—550